तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 14 जनवरी 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 मेडिकल कालेज अस्पताल में 2 सौ बेड बढ़ेंगे, अब 6 सौ बिस्तरों की होगी क्षमता




## खबर संक्षेप

### राम मंदिर छठ घाट बालको में सरयू महाआरती आज

**कोरबा।** बालको नगर राम मंदिर छठ घाट में सरयू महाआरती का आयोजन 14 जनवरी को किया जाएगा। बालको बजरंग दल द्वारा बताया गया कि मकर संक्रांति 14 तारीख को बालको नगर राम मंदिर छठ घाट में सरयू महाआरती का आयोजन किया जाएगा जिसको लेकर तैयारी कर ली गई है। इस आयोजन में बालको अंबिका मंदिर के पास से चुनरी आएगी साथ ही साथ परसाभाटा कांजी हाउस से गणेश की मूर्ति आयेगी इस आयोजन में और इस आयोजन बालको पुलिस का भी सहयोग रहेगा। बालको बजरंग दल बालको और जिले के सभी लोगों से अपील करता है कि आप सभी अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने अपील की है।

### टीईटी परीक्षा एक फरवरी को

**कोरबा।** छग व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित अमीन टीईटी परीक्षा 1 फरवरी को दो पाली में आयोजित होगी। प्रथम पाली 9.30 बजे से 12.15 तक जिले के 7 परीक्षा केंद्रों में आयोजित होगी जिसमें 2 हजार 214 परीक्षार्थी शामिल होंगे। द्वितीय पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5.45 बजे तक जिले के 14 परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जायेगी। जिसमें 4 हजार 369 परीक्षार्थी शामिल होंगे। संयुक्त कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी ने बताया कि परीक्षा के सफल संचालन हेतु व्यापम के निर्देशों के तहत सभी आब्जर्वर, केन्द्राध्यक्ष एवं उड़नदस्ता दल को विस्तृत प्रशिक्षण दिया जायेगा। परीक्षार्थियों के लिये निर्देश जारी किया गया है कि 9.30 बजे से 12.15 तक एवं दोपहर 3 बजे से शाम 5.45 बजे तक आयोजित होगी।

## मामला हरदीबाजार तहसील के ग्राम कसियाडीह झांझ का, बीते तीन दिन से किसान तहसील का काट रहा था चक्कर

# फिर एक किसान ने तहसील में पीया जहर, किया गया सिम्स रेफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सोमवार को हरदीबाजार तहसील के ही एक किसान के द्वारा टोकन नहीं कटने के मसले को लेकर जहर सेवन करने को चौबीस घंटा भी नहीं बीता था कि मंगलवार की दोपहर 1 बजे हरदीबाजार तहसील में ही एक किसान ने रकबा के रिकार्ड में सुधार नहीं किये जाने के मामले को लेकर कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया। गंभीर स्थिति में उसे उपचार के लिए सिम्स बिलासपुर रेफर किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम पाली और एडीएम मौके पर पहुंचे।

हरदीबाजार तहसील में दोपहर 1 बजे उस समय अफरा तफरा मच गई जब कसियाडीह झांझ निवासी किसान बैसाखू राम मरकाम 55 वर्ष ने उसके राजस्व रिकार्ड के रकबे में तहसील कार्यालय में सुधार कार्य नहीं किये जाने के मसले को लेकर जहर पी लिया। इस घटना से तहसील में हड़कंप मच गया और मौके पर पहुंचे भाजपा नेता मुकेश जायसवाल मौके पर पहुंचे और अपने वाहन से हरदीबाजार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये। जहां अस्पताल में पदस्थ चिकित्सक डॉ युधेश सांडे ने उनका उपचार करते हुए जहर को बाहर निकाला लेकिन तब तक भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई थी। जानकारी मिलने पर पाली एसडीएम रोहित सिंह और एडीएम ओंकार यादव, तहसीलदार अभिजीत राजभानू, अमित केरकेट्टा, हरदीबाजार थाना प्रभारी प्रमोद डनसेना मौके पर पहुंचे थे, वहीं पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर भी मौके पर थे और किसान की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे उपचार के लिए सिम्स बिलासपुर रेफर किया गया है।


अस्पताल में दाखिल पीड़ित किसान।

### घटना दुर्भाग्यपूर्ण : नूतन

निगम सभापति नूतनसिंह ठाकुर ने कहा कि जिले में दूसरी बार किसान द्वारा जहर पीकर जान देने की कोशिश करना दुर्भाग्यजनक है। छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने किसानों के हित में निर्णय लेते हुए उनको धान का समर्थन मूल्य को बढ़ाते हुए 31 सौ रुपए देने का निर्णय लिया है। सरकार का उद्देश्य किसानों का अधिक से अधिक लाभ पहुंचाना है लेकिन अधिकारियों की लापरवाहियों के कारण किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और वह मजबूर होकर आत्मघाती कदम उठा रहे हैं। धान खरीदी के इस मौसम में रकबा कम होने की घटना के कारण किसानों को हो रही परेशानी दुखद बात है। कलेक्टर को रिकॉर्ड दुरुस्ती, भूमि विवाद के मामलों में निपटारा के लिए सभी तहसीलों में सुविधा केन्द्र चालू करना चाहिए। ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए विवादों का निपटारा किया जाना चाहिए। कोरबा में जहर पीकर जान देने की कोशिश के दोनों मामलों की कलेक्टर जांच कराकर इसके लिए दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई करें।

### जहर का सिमटम नहीं मिला जांच में

सोमवार को जहर सेवन के मामले में जिस किसान को मेडिकल कॉलेज में दाखिल किया था उसका परीक्षण किया गया है। उसमें जहर का सिमटम नहीं मिला है वह शराब पीने का आदि होने के कारण अल्कोलिजम का शिकार हो गया था। उसके बेहतर स्वास्थ्य उपचार के लिए एम्स रायपुर या किसी अन्य अस्पताल में भेजा जाएगा।

**-कमल किशोर सहारे,** डीन, मेडिकल कॉलेज कोरबा

### रिकार्ड अपडेट कर लिया गया है

किसान के रकबे रिकार्ड को तहसील कार्यालय हरदीबाजार में अपडेट कर दिया गया है। किसान को इसकी जानकारी तहसील के बाबू और तहसीलदार के द्वारा दे दी गई थी। किंतु उसने ऐसा कदम क्यों उठाया इसकी जांच की जा रही है।

**-रोहित सिंह,** एसडीएम पाली

### साइकिल से आता था किसान

जहर सेवन करने वाला किसान बैसाखू राम मरकाम के पास 3 एकड़ 27 डिसमिल जमीन है। गिरदावरी के दौरान उसके रकबे को घटा दिया गया था जबकि उसके द्वारा पूरे रकबे में फसल ली जा रही थी। उक्त रकबे में सुधार के लिए बैसाखू राम के द्वारा एक सप्ताह पूर्व तहसील कार्यालय में रकबा सुधार के लिए आवेदन दिया था और बीते तीन दिन से वह हरदीबाजार तहसील से 20 किमी दूर कसियाडीह झांझ से प्रतिदिन तहसील कार्यालय हरदीबाजार पहुंच रहा था। इसी कड़ी में वह मंगलवार को भी वह तहसील कार्यालय हरदीबाजार पहुंचा था जहां बाबू से मिलकर रिकार्ड सुधार के संबंध में चर्चा किया जिसपर बाबू के द्वारा रिकार्ड सुधार कार्य नहीं होने की जानकारी दी गई। इसपर बैसाखू राम अपने साथ लाये कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया।

### सरकार किसानों की समस्या पर संज्ञान लें : कंवर

भाजपा की वरिष्ठ आदिवासी नेता पूर्व गृह मंत्री ननकीराम कंवर को हरदी बाजार क्षेत्र के किसानों को धान खरीदी में प्रशासन की ओर से उलझन पैदा करना एवं किसानों को परेशान हो जाने के बाद किसान यदि अंतिम प्रयास से थर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास कर रहे हैं तो यह बड़ी दुखद बात है। शासन प्रशासन को किसानों की समस्या पर तत्काल संज्ञान लेना चाहिए और उस समस्या पर उपाय करना चाहिए। दोषी अधिकारी कर्मचारी पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करना चाहिए। श्री कंवर ने यह भी कहा कि इस विषय में मुख्यमंत्री, कृषि मंत्री और राजस्व मंत्री सहित कलेक्टर से चर्चा करने की बात कही है।

### युवा कांग्रेसियों ने कलेक्ट्रेट के बाहर किया प्रदर्शन



जिले में पिछले 24 घंटे में दो आदिवासी किसानों द्वारा जहरीले पदार्थ का सेवन करके आत्महत्या की कोशिश की गई। पहले समर सिंह गोड़ और इसके बाद वैशाखू मरकाम ने अपने खेत में उत्पादित धान की फसल को बेचने में आ रही समस्याओं से नाराज होकर कीटनाशक खाया। इन घटनाओं के बाद युवा कांग्रेस और अन्य कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट गेट के सामने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने अपने ऊपर सफेद कपड़ा ओढ़कर लेटने का प्रदर्शन किया, जिससे यह दिखाया जा सके कि किसानों की समस्याओं के समाधान में देरी से उनकी जिंदगी पर क्या असर पड़ सकता है। कुछ देर के लिए यह मामला सुर्खियों में रहा और मार्ग से गुजरने वाले लोगों का ध्यान इस ओर गया। कार्यकर्ताओं का कहना है कि इस तरह का प्रदर्शन सरकार का ध्यान किसानों की समस्याओं की ओर आकर्षित करने के लिए किया गया। मामले में प्रशासन ने कहा कि किसानों की समस्याओं और आत्महत्या के प्रयास की जांच की जा रही है और प्रभावित किसानों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

### आत्महत्या के प्रयास का धान खरीदी से कोई संबंध नहीं : जांच रिपोर्ट



बीते सोमवार को सुमेर सिंह पिता त्रिलोक सिंह निवासी ग्राम पूटा हरदीबाजार के द्वारा आत्महत्या के प्रयास की घटना के संबंध में विभिन्न समाचार एवं मीडिया माध्यमों द्वारा यह प्रकाशित किया गया कि यह कदम उनके द्वारा धान विक्रय में आ रही कथित परेशानियों के कारण उठाया गया। उक्त समाचारों की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा तत्परता से जांच कराई गई। एसडीएम पाली रोहित सिंह ने इस सम्बंध में जानकारी देते हुए बताया कि सुमेर सिंह के नाम पर ग्राम पूटा, तहसील हरदीबाजार में खसरा नंबर 270/2 रकबा 0.202 हेक्टेयर एवं खसरा नंबर 219/2 रकबा 1.315 हेक्टेयर भूमि दर्ज है। उन्होंने बताया कि उक्त भूमि का मौके पर निरीक्षण अपर कलेक्टर प्रभारी भू-अभिलेख शाखा, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार, संबंधित हल्का पटवारी, भूमि विक्रेता जयनारायण गोंड़, ग्राम सरपंच, उप-सरपंच एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में किया गया। मौका निरीक्षण के दौरान तैयार पंचनामा तथा लिये गये फोटोग्राफ्स से यह स्पष्ट रूप से पाया गया कि उक्त भूमि खरीफ मौसम 2026 में पड़ती थी तथा उस पर खरीफ मौसम के दौरान किसी भी प्रकार की धान अथवा अन्य कोई फसल नहीं लगी हुई है, जिसकी पुष्टि मौके पर उपस्थित सरपंच, उपसरपंच तथा ग्रामवासियों ने की है। जिससे आत्महत्या के प्रयास को धान विक्रय से जोड़कर प्रकाशित किया गया समाचार तथ्यात्मक रूप से भ्रामक एवं निराधार है। प्रशासन द्वारा की गई जांच में इसका कोई भी आधार नहीं पाया गया है।






## खबर संक्षेप

### सूने मकान से चोर ले उड़े जेवर, नकद

**बिलासपुर।** घरवाले लोककला कार्यक्रम देखने चले गए, इधर चोरों ने सूने मकान का फायदा उठाते हुए धावा बोलकर जेवर व नकद रकम चोरी कर आसानी से भाग गए। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है। कोटा पुलिस के अनुसार ग्राम पोड़ी निवासी किसान जगन्नाथ बंजारे पिता रामकपाल बंजारे 11 जनवरी को रात में खाना खाने के बाद दरवाजे में ताला लगाकर गांव में चल रहे लोक कलाकार विरेन्द्र चतुर्वेदी का कार्यक्रम देखने चले गए। रात 2.30 बजे श्री बंजारे परिवार सहित घर आए तो दरवाजा खुला मिला। संदूक का सामान बिखरा पड़ा था। उसमें रखे 2 नग सोने का मंगलसूत्र, चांदी का लछा, 25 हजार रुपए नकद चोरी हो गई थी। सूचना पर पुलिस उनके घर का मुआयना करने के बाद लौट गई। पुलिस ने श्री बंजारे की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 ए, 331, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### पकड़ा गया पश्चिम बंगाल का फरार आरोपी

**बिलासपुर।** पश्चिम बंगाल के फरार आरोपी को आरपीएफ ने पकड़कर तारबाहर थाने के सुपुर्द किया है,



जिसके पास से देशी कट्टा और जिंदा कारतूस जब्त करने के बाद आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। मुखबिर से सूचना मिली कि कंस्ट्रक्शन कालोनी उर्दू स्कूल के पास एक व्यक्ति अपने हाथ में थैला लेकर संदिग्ध अवस्था में खड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही आरपीएफ और तारबाहर पुलिस की टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर उक्त व्यक्ति को पकड़ने के बाद तलाशी ली। इस दौरान उसके पास एक नग देशी कट्टा और एक नग जिंदा कारतूस, मोबाइल, तीन ट्रेन टिकिट बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपी के पूर्व वर्धमान पश्चिम बंगाल कठुआ निवासी सद्दाम हसन शेख पिता जंगल शेख 32 साल के होने की जानकारी मिली। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई करने के बाद न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

### पेट्रोल पंप कर्मी से लूट का दूसरे दिन भी सुराग नहीं

**बिलासपुर।** रिवाल्वर दिखकर पेट्रोप पंप कर्मी से नकद रकम लूटने वाले लुटेरों का पुलिस दूसरे दिन भी सुराग नहीं लगा पाई है। ज्ञात हो कि रतनपुर क्षेत्र के जाली स्थित बीबी पेट्रोल पंप के सेल्समेन बसंत कुमार कैवर्त पिता रामचरण कैवर्त 20 साल 11 जनवरी की रात 11 बजे अकेले ड्यूटी कर रहे थे। इसी दौरान बिना नम्बर के पल्सर में तीन 3 लड़के आए और एक हजार का पेट्रोल भरने के लिए कहा। पेट्रोल डालने के बाद युवक पेमेंट करने के लिए स्केन करने के लिए उसके पास आए। सेल्समेन को धक्का मारकर एक युवक रिवाल्वर निकाल लिया और बिक्री रकम 10 से 15 हजार रुपए लूटकर बाइक से भाग गए थे। पुलिस ने सेल्समेन की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ 309, 4, 3, 5 के जुर्म दर्ज कर लिया है। बहरहाल दूसरे दिन भी पुलिस लुटेरो का सुराग नहीं लगा पाई है।

### वजन से ज्यादा धान लिया प्रभारी व आपरेटर निलंबित

**बिलासपुर।** उपार्जन केंद्र पोंड़ी में अपने परिचित को गलत तरीके से 7 सौ नग बारदाना उपलब्ध कराने, निर्धारित वजन से अधिक धान तौल करने, खाली बारदानों को बेतरतीब रखने एवं नियमानुसार स्टैकिंग नहीं करने के कारण धान खरीदी प्रभारी को निलंबित किया गया है। ट्रांसफर के बाद अन्य उपार्जन केंद्र में पदस्थ होने के बाद भी पोंड़ी उपार्जन केंद्र में हस्तक्षेप करने वाले आपरेटर को भी निलंबित करते हुए प्राधिकृत अधिकारी को भी हटाने की कार्रवाई की गई है।
तखतपुर ब्लॉक के अंतर्गत धान खरीदी केंद्र पोंड़ी (करनकापा) का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान धान के सुरक्षित रख रखाव हेतु शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन नही किया जाना पाया गया। इसी तरह पूर्व में की गई जाँच में समिति के बारदानों का वितरण अपने परिचित किसानों को किए जाने व तय वजन से अधिक तौल किए जाने संबंधी शिकायत पर भौतिक सत्यापन भी किया गया। भौतिक सत्यापन के दौरान प्रबंधक द्वारा 700 नग खाली बारदाना अपने परिचित को दिया जाना स्वीकार किया गया। धान खरीदी के बाद धान से भरे बोरों की नियमानुसार छल्ली लगाकर रखना भी नहीं पाया गया था। नियमों के विरुद्ध कार्य किये जाने पर धान खरीदी प्रभारी पोंड़ी रतन सिंह मरावी को निलंबित कर दिया गया है। इसी तरह पोंड़ी के ऑपरेटर टेकलाल जायसवाल विजयपुर में ऑपरेटर का कार्य कर रहे हैं, के द्वारा पोंड़ी करनकापा केंद्र में अनाधिकृत रूप से हस्तक्षेप करने पर निलंबित किया गया है।
समिति के प्राधिकृत अधिकारी दिनेश साहू को भी तत्काल प्रभाव से पद से हटाने की कार्रवाई की गई है।

**मिट्टी उत्खनन के बाद काम शुरू** | छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कार्पोरेशन लिमिटेड को मिली जिम्मेदारी

# 14 एकड़ जमीन पर बनेगा आयुर्वेदिक कालेज, खर्च होंगे 83 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



संभाग के सबसे बड़े आयुर्वेदिक कालेज का सपना जल्द ही साकार होने वाला है। आयुष विभाग द्वारा कोनी क्षेत्र के रमतला गांव में 83 करोड़ की लागत से आयुर्वेदिक कालेज और अस्पताल का निर्माण कार्य शुरू किया गया है।

खास बात यह है कि जमीन के लिए लंबे समय से उठापटक के बाद कालेज के लिए जमीन मिलते ही आयुष फंड से निर्माण कार्य शुरू कराया गया है। जल्द ही आयुर्वेदिक कालेज और अस्पताल बनकर तैयार होगा। रतमला में 14 एकड़ जमीन पर निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। बताया जा रहा है कि 83 करोड़ रूपए से होने वाले निर्माण के लिए सीजीएमएससी को एजेंसी बनाया गया है, वहीं निर्माण का ठेका बालाजी इंजीकान्स को दिया गया है। वर्तमान में मिट्टी खनन का काम तेजी से किया जा रहा है। दरअसल पिछले 12 सालों से आयुर्वेदिक कालेज किराए के भवन में संचालित किया जा रहा है, जिसके किराए में 2 करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च की जा चुकी है।

जबकि वर्तमान में आयुर्वेदिक अस्पताल भी पूरी तरह से जर्जर होने लगा है, यहां मेंटनेंस में भी काफी रूपए खर्च हो रहे है। ऐसे में आयुष विभाग द्वारा 24 माह में आयुर्वेदिक कालेज व अस्पताल बनाने का ठेका दिया गया है।

### स्टूडेंट को होती है दिक्कत

किराए के भवन में कालेज शुरू करने और नियमों के उल्लघंन पर साल 2015 में कालेज की मान्यता रद्द करने की सिफारिश की थी, लेकिन सीसीआईएम ने अधिकारियों के दबाव के बाद कालेज की मान्यता यथावत रखी थी, तब से अबतक कालेज किराए के भवन पर चल रहा है। बताया जाता है कि सरकंडा स्थित अस्पताल और जूना बिलासपुर स्थित नागोराव शेष स्कूल बिल्डिंग में चल रहे कालेज के बीच स्टूडेंट को जूझना पड़ता है। उनका ज्यादातर समय आने व जाने में चला जाता है, जिससे असुविधा होती है।

### 264 करोड़ रूपए का है फंड

शासन ने आयुर्वेदिक कालेज के निर्माण के लिए 264 करोड़ रुपए का फंड सुरक्षित रखा है, लेकिन निर्माण के लिए अबतक 94 करोड़ रुपए के आसपास ही स्वीकृति मिली है। इस राशि से कालेज, अस्पताल, छात्रावास, प्रशासनिक भवन, बिजली व्यवस्था और अन्य सुविधाएं जुटाई जा सकेगी।

### स्टूडेंट को सुविधा मिलेगी

सीजीएमएससी ने निर्माण कार्य शुरू कराया है, दो सालों में कालेज और अस्पताल बनाया जाना है। इससे स्टूडेंट को सुविधा मिलेगी।
**-डॉ जीआर चतुर्वेदी,** प्राचार्य, आयुर्वेदिक कालेज

40 हजार घरों को पहुंची राहत

# बिरकोना ट्रीटमेंट प्लांट से पानी सप्लाई शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिरकोना स्थित ट्रीटमेंट प्लांट से शहरवासियों को पानी सप्लाई शुरू कर दी गई है। इससे 40 हजार घरों को राहत मिली है। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, पानी पहले टंकियों में भरा गया और उसके बाद चरणबद्ध तरीके से अलग-अलग वार्डों में पानी छोड़ा गया।

- अरपापार के 6 और शहर की 16 टंकियां भरी जाएंगी

गौरतलब है कि 31 दिसंबर को बिरकोना वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के एक चेंबर का वाल्ट अचानक तेज प्रेशर के कारण फट गया था। इस घटना के बाद पूरे शहर की जलापूर्ति व्यवस्था ठप हो गई थी। चेंबर की मरम्मत के बाद जब दोबारा पानी छोड़ने की तैयारी की गई तो अशोक नगर क्षेत्र में मेन पाइपलाइन टूट गई। इसके चलते निगम को दोबारा खुदाई कर पाइपलाइन की रिपेयरिंग करानी पड़ी। एक के बाद एक तकनीकी खामियों के कारण कुल 14 दिनों तक जलापूर्ति पूरी तरह बंद रही। पिछले तीन दिनों से कई इलाकों में पानी की एक बूंद भी नहीं पहुंची, जिससे लोग टैंकर, बोर और निजी साधनों पर निर्भर रहे। कई इलाकों में लोग दूर-दराज से पानी ढोते नजर आए। निगम के टैंकर भी मांग के मुकाबले कम साबित हुए। लगातार शिकायतों और दबाव के बाद मरम्मत कार्य को तेज किया गया।

### 70 वार्डों में 35 एमएलडी अमृत मिशन से

रेलवे क्षेत्र के दो वार्डों को छोड़कर 68 वार्डों में निगम रोजाना 72 एमएलडी यानी 7 करोड़ 20 लाख लीटर पानी की सप्लाई करता है। इसमें करीब 35 एमएलडी अमृत मिशन का है, लेकिन निगम का 10 से 15 एमएलडी पानी रोज बरबाद हो रहा है। कहीं पाइप लाइन में लीकेज है, तो कहीं पाइप टूटा हुआ है। यही नहीं कहीं वाहनों को धोने में तो कहीं सड़कों को चमकाने में रोज पानी सड़कों पर बह जाता है।

## प्रतिबंध के बाद भी बिक्री, 10 पतंग दुकानों की जांच







**बिलासपुर।** मकर संक्रांति पर होने वाली पतंगबाजी को लेकर छत्तीसगढ़ में बिकने वाले चीनी मांझे को पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है। चीनी मांझे उपयोग में नहीं लाना है इसके लिए सरकार ने आदेश भी जारी कर दिया है। इसके बाद भी इसकी बिक्री जारी है। इसकी शिकायत मिलने पर नगर निगम ने पर्यावरण संरक्षण मंडल के साथ मिलकर शहर के 10 पतंग दुकानों का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान दुकान संचालकों को चाइनीज धागे से बने मांझे के विक्रय नहीं करने की समझाइश तथा चेतावनी दी गई। संयुक्त टीम ने शहर के तेलीपारा,गोल बाजार,सदर बाजार तथा प्रमुख बाजारों में जाकर 10 पतंग दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान दुकानों से सिंगल यूज प्लास्टिक पाया गया,जिसके बाद 11 हजार का अर्थदंड लगाया गया है।

**अपराधी बेखौफ :** फिर सिविल लाइन क्षेत्र के

# कस्तूरबानगर में युवती व युवक पर चला चाकू

**बिलासपुर।** एक बार फिर बदमाश युवक ने गुण्डागर्दी करते हुए छोटी बहन से विवाद करते देख बीच बचाव करने गई बड़ी बहन पर चाकू से जान लेवा हमला कर दिया है। चाकूबाजी की वारदात से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस हमलावर को नहीं पकड़ पाई है।



सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, कस्तूरबानगर निवासी संजना वाधवानी पिता नंदलाल वाधवानी वर्तमान में वे दिल्ली में कपड़ा दुकान में काम करती है। दो दिन पूर्व वह अपनी बहन रीता वाधवानी के घर कस्तूरबानगर मिलने आई है। 12 जनवरी को शाम 7 बजे राजेन्द्र यादव उनकी छोटी बहन रीता वाधवानी को परेशान कर गाली गलौज कर रहा था। छोटी बहन से विवाद होते देख संजना बीच बचाव करने गई। जिससे उक्त युवक उनके साथ गाली गलौज करते हुए जेब से चाकू निकालकर बाए सीने पर जान लेवा हमला कर दिया। बचाव करते समय उनके हथेली में भी चोट आई है। चाकूबाजी की वारदात से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। लोगों की भीड़ लगने पर हमलावर भाग निकला। पुलिस ने संजना वाधवानी की रिपोर्ट पर हमलावर राजेन्द्र यादव के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर लिया है। पुलिस हमलावर चाकूबाज को नहीं पकड़ पाई है।

### बाइक टकराने पर नशेड़ी ने युवक पर चाकू से किया हमला

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, कस्तूरबानगर दुर्गा मंदिर निवासी आयुष उर्फ वीर सारथी पिता बाली सारथी 13 जनवरी को बाइक से कहीं जा रहा था। इसी दौरान उसकी बाइक मोहल्ले के नशेड़ी प्रथम पारचे के बाइक से टच हो गया। इसे लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। आक्रोशित होकर नशेड़ी प्रथम पारचे ने आयुष पर चाकू से हमला कर दिया। बड़ी संख्या में दोनों पक्ष के लोग सिविल लाइन थाने आकर एक दूसरे पर आरोप लगाकर कार्रवाई करने की मांग करने लगे। टीआई एसआर साहू ने बताया कि दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर दोनों पक्षों के खिलाफ मारपीट की काउंटर अपराध दर्ज किया गया है।

### 13 दिन में 5 वीं चाकूबाजी

नया साल शुरू होते ही सिविल लाइन क्षेत्र में अपराधी बेखौफ होकर चाकूबाजी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। महज 13 दिन में 5 वीं चाकूबाजी की वारदात से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। 2 जनवरी को 27 खोली निवासी ओमप्रकाश धोबी, 4 जनवरी को मंगला चौक में संतोष बसौड़ ने अपनी पत्नी नीनू बाई बसौड़ पर चाकू से हमला कर स्वयं पर हमलाकर किया हमला, 7 जनवरी को कुदूदण्ड गायत्री मंदिर निवासी शेख जुनैफ व 13 जनवरी को कस्तूरबानगर में दो लोगों पर चाकू से हमला किया गया है। वीआईपी इलाका होने के बाद भी पुलिस का अपराधियों पर नियंत्रण नहीं है।

### नहीं लिखा जा रहा चाकू से हमला

अपराधी बेखौफ होकर चाकूबाजी की वारदात को अंजाम दे रहे है। इधर थाने में रिकार्ड कम करने के फिर में एफआईआर में चाकू के बजाए नुकीली वस्तु, धारदार हथियार से हमला लिखकर खानापूर्ति किया जा रहा है। इससे अपराधियों के हौसले और बुलंद हो रहे है।

## जर्जर सड़क व किसानों के लंबित भुगतान को लेकर एनएच 43 पर युवक कांग्रेस का चक्काजाम

**बिश्रामपुर।** क्षेत्रीय जनसमस्याओं को लेकर युवक कांग्रेस ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजमार्ग-43 पर चक्काजाम किया,युवक कांग्रेस के नेतृत्व में ग्राम मदनपुर चौदहा पेट्रोल पंप के समीप सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सड़क पर उतरकर प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया,इस दौरान कलेक्टर सूरजपुर के नाम एसडीएम सूरजपुर शिवानी जायसवाल को पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया।



चक्काजाम होने के कारण कुछ समय के लिए एनएच पर आवागमन प्रभावित हो गया,प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि प्रशासन लंबे समय से जनहित से जुड़े गंभीर मुद्दों को नजरअंदाज कर रहा है,जिससे आम जनता, किसान और राहगीर परेशान हैं,प्रदर्शनकारियों ने कहा कि ग्राम सिलफिली में संचालित पिलखा क्षीर संयंत्र डेढ़ वर्षों से बंद पड़ा है,जिससे सैकड़ों किसानों,कर्मचारियों और आपूर्तिकर्ताओं को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है,संयंत्र पर करीब 90 लाख रुपए का भुगतान किसानों व कर्मचारियों का लंबित है,लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई,प्रदर्शनकारियों ने मांग की है कि किसानों समेत अन्य लोगों का बकाया राशि का तत्काल भुगतान शीघ्र कराया जाए,उन्होंने कहा कि सिलफिली से अजबनगर तक एनएच 43 की हालत बेहद खराब हो चुकी है,गड्ढों और उड़ती धूल के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं,राहगीरों को जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ रहा है,वहीं सड़क किनारे रहने वाले लोग धूल-प्रदूषण से त्रस्त हैं,ग्राम संजयनगर स्थित पिलखा ढाबा के संचालक द्वारा एनएच 43 के अंधे मोड़ पर सड़क से सटाकर बनाए गए अवैध शेड को भी गंभीर खतरा बताया गया,प्रदर्शनकारियों का कहना है कि इस अंधे मोड़ पर दृश्य बाधित होने से कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं और कुछ राहगीरों की जान भी जा चुकी है। प्रदर्शनकारियों ने कमलपुर रेलवे साइडिंग को कोयला परिवहन के लिए पुनः शुरू करने का कड़ा विरोध किया गया,बताया गया कि इससे भारी वाहनों का दबाव बढ़ेगा, दुर्घटनाओं की आशंका,प्रदूषण और कृषि कार्यों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा,पूर्व में अदानी समूह द्वारा कोयला परिवहन के दौरान सड़कों की हालत बदतर हो गई थी,जो आज तक सुधर नहीं सकी है,इसलिए जनहित में कमलपुर साइडिंग को पुनः शुरू करने पर तत्काल रोक लगाई जाए,प्रदर्शन में कांग्रेस प्रदेश सह प्रभारी जरीता लैतफ्लांग, सूरजपुर कांग्रेस जिलाध्यक्ष शशि सिंह, संजय डोसी, मेंहदी यादव, इस्माइल खान,जेपी श्रीवास्तव, संजीत यादव, प्रिंस श्रीवास्तव,तपन सिकदार, विनय गुप्ता,कमलेश दुबे,परमेश्वर राजवाड़े,अनहल, रुचि टोप्पो,आनंदी लकड़ा, भीमा पैकरा व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मवेशियों की चोरी कर झारखंड ले जाने वाला गिरोह पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मवेशियों की चोरी कर तस्करी करने के मामले में पुलिस की कार्रवाई जारी है। एक बार फिर से पुलिस ने 7 मवेशी चोरों को गिरफ्तार करने के साथ ही उनके पास से 4 रास मवेशी भी बरामद किया है। इसके साथ ही पुलिस ने आरोपियों से कार व पिकअप वाहन जब्त किया है।

कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी घुटरापारा चांदनी चौक निवासी अंकित तिवारी 13 जनवरी को सुबह 5 बजे टहलने निकला था। इस दौरान खैरबार रोड पर नहर किनारे कार क्रमांक जेएच 24 डी 8465 व पिकअप क्रमांक जेएच 01 ईएक्स 4982 में सवार 6-7 व्यक्तियों द्वारा गाय व बछड़ों को रस्सी से बांधकर पिकअप में लोड किया जा रहा था। युवक ने चोरों बाइक से पीछा किया और पुलिस को सूचना दी की मवेशियों से भरे पिकअप को रनपुर बस्ती के आगे जंगल में खड़ा किया गया है। ऐसे में सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस व साइबर सेल की टीम ने घेराबंदी की। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस झारखंड रांची के माडर ढौठा टोली निवासी 30 वर्षीय अकरम अंसारी आ. कमरूद्दीन अंसारी, गुमला तिगरा निवासी 20 वर्षीय असलम खान आ. मुमताज खान, 20 वर्षीय इरबाज खान आ. स्व. सिराज खान, गुमला जारी निवासी 20 वर्षीय अमजद खान आ. स्व. जब्बार खान, पुसव निवासी 20 वर्षीय शाहरुक अंसारी आ. सकबुल अंसारी, 20 वर्षीय फिदाउल अंसारी आ. स्तब अंसारी, 26 वर्षीय अब्बु सहाब अंसारी आ. नजमुल अंसारी को गिरफ्तार करने के साथ ही उनके पास से कार, पिकअप समेत चार नग मवेशी जब्त किया।

### 75 लीटर महुआ शराब के साथ दो गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने दो अलग अलग प्रकरणों में 75 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पहला मामला पामगढ़ का है। इस दौरान 13 जनवरी को पामगढ पुलिस द्वारा एक विधि से संघर्षरत बालक को पकड़ा जिसके कब्जे से 40 लीटर कच्ची महुआ शराब, कीमती 8 हजार व बाइक को बरामद किया गया।

**राजस्व विभाग द्वारा की जा रही सघन जांच**

# धान का अवैध परिवहन, 250 क्विंटल की बनाई जब्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

धान के अवैध परिवहन मामले में कार्रवाई करते हुए 250 क्विंटल धान के साथ वाहन को भी जब्त किया गया है। उक्त कार्रवाई डभरा एसडीएम एवं उनकी टीम द्वारा की गई है।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार 13 जनवरी को कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशानुसार जिले में अवैध धान परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण हेतु लगातार सघन जांच अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डभरा विनय कश्यप के नेतृत्व में राजस्व विभाग द्वारा बड़ी कार्यवाही की गई। राजस्व विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 13 जनवरी की रात्रि लगभग 2:30 बजे तहसील डभरा अंतर्गत ग्राम केनाभाठा में एक ट्रक के माध्यम से धान का अवैध परिवहन किया जा रहा था। तलाशी के दौरान ट्रक में लगभग 250 क्विंटल धान लोड पाया गया। परिवहन से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर ट्रक को अवैध धान परिवहन के प्रकरण में जब्त कर नियमानुसार कार्यवाही की गई। कार्यवाही में तहसीलदार डभरा मनमोहन प्रताप सिंह, पटवारी हरमेन्द्र वारे, देव कश्यप, राजेंद्र चन्द्रा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे। इसी क्रम में तहसील बाराद्वार अंतर्गत बाराद्वार क्षेत्र में तहसीलदार एवं पटवारी द्वारा 120 बोरी धान का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। वहीं ग्राम मुरलीडीह में लगभग 43 बोरी धान का अवैध परिवहन पाए जाने पर वाहन को जब्त कर थाना जैजैपुर में सुपुर्द किया गया।



वाहन में लोड धान की जब्ती बनाते अफसर।

# उत्कृष्ट कार्य पर एसएसपी ने 56 पुलिस अधिकारी व जवानों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने वर्ष 2025 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 56 पुलिस अधिकारी व जवानों जिनमें 3 निरीक्षक, 2 एसआई, 6 एएसआई, 9 प्रधान आरक्षक, 35 आरक्षक व 1 महिला आरक्षक शामिल है उन्हें प्रशिस्त पत्र देकर सम्मानित किया है।



वर्ष 2025 के दौरान जिले में पुलिसिंग को लेकर उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया गया जिनमें थाना प्रभारी सूरजपुर विमलेश दुबे, थाना प्रभारी विश्रामपुर प्रकाश राठौर, थाना प्रभारी झिलमिली नसीमुद्दीन, थाना प्रभारी चंदौरा मनोज सिंह, थाना प्रभारी प्रेमनगर विराट विसी, चौकी प्रभारी बसदेई योगेन्द्र जायसवाल, चौकी प्रभारी खड़गवां रघुवंश सिंह, चौकी प्रभारी उमेश्वरपुर संजय सिंह यादव, चौकी प्रभारी तारा संजय गोस्वामी, यातायात प्रभारी बृजकिशोर पाण्डेय, साइबर सेल प्रभारी राकेश यादव, प्रधान आरक्षक आनंद सिंह, उदय सिंह, मनीष पन्ना, जितेन्द्र सोनवानी, शिवकुमार बेक, प्रदीप पटेल, पुष्पराज राय, सुरेश सूर्यवंशी, आशीष श्रीवास्तव, आरक्षक संतोष सोनी, योगेश्वर सिंह, विजय राजवाड़े, कमलेश यादव, जेठूराम सोनवानी, मनोज ठाकुर, हरि एक्का, रीझमन भगत, रौशन सिंह, पंकज सिंह, मिथलेश प्रजापति, शशिकांत मिश्रा, अनिल लकड़ा, विनय दान, राजीव गवेल, वसीम राजा, नवीन बेक, विनोद सारथी, संजय कुमार, राजेन्द्र कंवर, बलदेव सिंह, जीवन साहू, महेन्द्र प्रताप सिंह, रामकुमार नायक, विकास पटेल, ललन सिंह, अभय तिवारी, इन्द्रजीत सिंह, रावेन्द्र पाल, अमलेश्वर सिंह, चंदन सिंह, राजमोहन राजवाड़े, पारसनाथ सिंह, रविराज पाण्डेय, युवराज यादव व महिला आरक्षक रौशनी सिंह शामिल रहे। इस दौरान एएसपी योगेश देवांगन, एएसपी संतोष महतो, सीएसपी एसएस पैंकरा, एसडीओपी नरेन्द्र सिंह पुजारी, राजेश जोशी, डीएसपी अनूप एक्का, रीना नीलम कुजूर, डीएसपी अजाक पीडी कुजूर, थाना-चौकी प्रभारी मौजूद रहे।

### फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ ढकनापारा ने जीता उद्घाटन मैच

सीतापुर। क्षेत्र के युवा खेल प्रतिभा को अवसर प्रदान करने स्वामी विवेकानंद युवा प्रोत्साहन योजनांतर्गत ग्राम सुर में धरती आबा बिरसा मुंडा अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित किया गया। शासकीय हाईस्कूल मैदान में आयोजित इस फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन ग्राम पंचायत सुर की सरपंच किरण बाला भगत द्वारा किया गया। पखवाड़े भर चलने वाले इस फुटबॉल प्रतियोगिता में सरगुजा समेत अन्य जिलों से कुल 48 टीमें भाग ले रही है। प्रतियोगिता का पहला इनाम 50 हजार दूसरा 25 हजार एवं तीसरा 15 हजार रुपए एवं प्रवेश शुल्क 15 सौ रुपए रखा गया है। मुख्य अतिथि द्वारा उद्घाटन एवं खिलाड़ियों से परिचय के बाद प्रतियोगिता का पहला मैच ढकनापारा एवं जामढोढ़ी के बीच खेला गया जिसमे ढकनापारा की टीम ने एकतरफा जीत हासिल करते हुए जामढोढ़ी को 2 गोल से हरा दिया।

## खबर संक्षेप

### धान खरीदी में परेशानी व शिकायतों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

**कोरबा।** धान खरीदी केन्द्रों में किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित कराने के लिए शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा रही है। जिले में 65 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से यह प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित है, जिससे अधिक से अधिक किसानों को समय पर सुविधा मिल रही है। कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा धान खरीदी की पूरी व्यवस्था पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष व व्यवस्थित बनी रहे। प्रशासन की प्राथमिकता है कि हर पंजीकृत किसान से उनकी पात्रता अनुसार धान की खरीदी सुनिश्चित हो तथा किसी भी स्तर पर कोई बाधा या अर्चन उत्पन्न न हो। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रकबा संशोधन, पंजीयन से संबंधित समस्या, भुगतान, उपार्जन केंद्रों से जुड़ी जानकारी या अन्य किसी भी प्रकार की शंका एवं शिकायत के निराकरण हेतु विशेष सहायता व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है। किसान कार्यालयीन समय में मोबाइल नंबर 9691901259 पर संपर्क कर अपनी समस्या दर्ज करा सकते हैं और आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं। वहीं सभी केन्द्रों में हेल्प डेस्क बनाए गए हैं। जहां सुबह 10 से शाम 5 बजे तक प्राप्त शिकायतों का निरीकरण करेंगे।

### पीवीटीजी परिवारों को प्राथमिकता से दिया जाएगा उज्ज्वला गैस कनेक्शन

**कोरबा।** कलेक्टर की अध्यक्षता में समय-सीमा की बैठक में जिले में संचालित शासन की फ्लैगशिप योजनाओं एवं विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की योजनाओं का जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन तय समय-सीमा में सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके। विशेष पिछड़ी जनजाति (पीवीटीजी) परिवारों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत प्राथमिकता के आधार पर गैस कनेक्शन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने खाद्य अधिकारी को आवेदन से लेकर स्वीकृति तक की प्रक्रिया को तेज और सरल बनाने पर विशेष ध्यान देने को कहा। कलेक्टर श्री दुदावत ने धान खरीदी कार्य की समीक्षा करते हुए किसानों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित नोडल अधिकारियों को कहा कि उपार्जन केंद्रों पर धान खरीदी कार्य बिना किसी व्यवधान के सुचारू रूप से संचालित हो। धान की नमी और गुणवत्ता की नियमित जांच, सीसीटीवी कैमरों की सतत निगरानी तथा उपार्जन केंद्रों की व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश भी दिए गए।

### कुसमुण्डा में फ्लड लाइट नेट क्रिकेट कोचिंग सेंटर का हुआ शुभारंभ

**कोरबा।** जिले के जेआरसी क्लब कुसमुंडा क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को निखारने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए विश्वामित्र बहुउद्देशीय सेवा समिति, आर्या बॉयज़ एवं काका स्पोर्टिंग के संयुक्त तत्वाधान में अंडर-14 क्रिकेट एवं बैडमिंटन कोचिंग सेंटर का भव्य शुभारंभ किया गया। यह केंद्र जिले का पहला फ्लड लाइट नेट क्रिकेट कोचिंग सेंटर है, जहां शाम के समय भी बच्चों को आधुनिक सुविधाओं के साथ प्रशिक्षण मिलेगा। इस कोचिंग सेंटर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां फ्लड लाइट की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिससे बच्चों को शाम 6 बजे से 8 बजे तक नियमित प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे स्कूल और ट्यूशन के बाद भी बच्चे आसानी से खेल अभ्यास कर सकेंगे और अपनी प्रतिभा को निखार पाएंगे।

### छग को अडानीगढ़ बनने से रोकने की जरुरत : जोगी



**कोरबा।** जनता कांग्रेस छग के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने आज यहां कहा कि प्रदेश में चारों तरफ से अडानी का हमला हो रहा है। सरगुजा, बस्तर सहित कोरबा जिले में भी अडानी की तस्तक हो गई है अगर अडानी को नहीं रोका गया तो छग अडानीगढ़ बन जाएगा और प्रदेश को अडानीगढ़ से बचाने के लिए एक बड़े आंदोलन की जरुरत है। अमित जोगी मंगलवार को अपने एक दिवसीय प्रवास के दौरान कोरबा पहुंचे हुए थे जहां प्रेसक्लब तिलक भवन में पत्रकारों से चर्चा के दौरान उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि अडानी के खिलाफ एक बड़े आंदोलन की जरुरत है और वह अकेले इस आंदोलन को नहीं कर सकते और न ही पार्टी के प्लेट फार्म से कर सकते हैं इसके लिए सभी राजनीतिक दल एवं सभी विचारधारा वालों को एक साथ आना होगा और एकता की जरुरत है, तभी एक बड़े आंदोलन की शुरुआत हो सकेगी। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में ईस्ट इंडिया कंपनी की फूट डालो राज करो की नीति पर कार्य करते हुए लोगों को जाति धर्म पर फूट डालकर धन संपदा को लूटने का काम किया जा रहा है। बालको मसले पर श्री जोगी ने कहा कि बालको में आउट सोर्सिंग की भर्ती की जा रही है इससे स्थानीय लोगों का रोजगार छिन रहा है। स्थायी नौकरी को अस्थायी बनाया जा रहा है इससे छग को नुकसान हो रहा है। आउट सोर्सिंग विकास नहीं मजदूरी विरोधी नीति है। उनके पिता जी स्व अजीत जोगी ने विनिवेश के खिलाफ मोर्चा खोला था और वह आउट सोर्सिंग के खिलाफ मोर्चा खोल रहे हैं।

# वन अधिकार पत्रों के निराकरण को लेकर गोंगपा ने खोला मोर्चा, किया प्रदर्शन

## मांगों को लेकर जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

गोंडवाना गणतंत्र पार्टी पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक इकाई पसान ने वन अधिकार, खनन से प्रभावित क्षेत्र और ग्राम पंचायतों में कथित अनियमितताओं को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए आंदोलन की चेतावनी दी थी जिसके तहत मंगलवार से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया गया है।

उल्लेखनीय है कि गोंगपा ने अधिनियम 2012 के तहत वर्षों से लंबित व्यक्तिगत वन अधिकार पत्रों का शीघ्र निराकरण कर पात्र किसानों को अधिकार पत्र प्रदान करने की मांग की है। पार्टी ने आरोप लगाया कि एसईसीएल द्वारा क्षेत्र में पिछले 20-25 वर्षों से संचालित खदानों से अरबों रुपये का राजस्व अर्जित किया जा रहा है लेकिन इसके बावजूद प्रभावित क्षेत्रों में बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गई हैं। खनन क्षेत्र के ग्रामीणों को दूषित पानी पीने को मजबूर होना पड़ रहा है। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने कंपनी को सामाजिक दायित्व के तहत क्षेत्र विकास के लिए विशेष राशि उपलब्ध कराने के निर्देश देने की मांग की है। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया है कि ग्राम पंचायत जलके, सेन्हा में बिना ग्रामवासियों को सूचना दिए फर्जी तरीके से ग्रामसभा की कार्यवाही दर्ज कर निजी कंपनी को कोयला खनन हेतु प्रस्ताव भेजा गया। सोशल मीडिया पर वायरल ग्रामसभा कार्यवाही की छायाप्रति के आधार पर पार्टी ने इसकी निष्पक्ष जांच कर दोषी सरपंच और सचिवों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पार्टी ने स्पष्ट रुप से चेतावनी दी है कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही धरना स्थल पर शांति व्यवस्था बनाए रखने और असामाजिक तत्वों पर नजर रखने हेतु पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की मांग भी प्रशासन से की गई है। अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन मे मुख्य रूप से विद्वान सिंह मरकाम, संतोष मरावी जनपद सदस्य पुटीपखना, चंद्रप्रताप पोर्ते सरपंच पुटीपखना, श्रवण कुमार मरपची सरपंच प्रतिनिधि तनेरा, सुरेंद्र सिंह सरपंच, मिसिया, मनोज मरावी, तापस पोया, शंकर मरावी, जगतपाल केराम एवं आस पास गांव के समस्त मात्र शक्ति पितृ शक्ति उपस्थित होकर आंदोलन में शामिल हुए।

एसईसीएल अर्जित कर रही है खदानों से अरबों रुपए का राजस्व



## कलेक्टर ने ली स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक

# मातृ एवं शिशु का स्वस्थ रहना विभाग की रीढ़ : दुदावत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित समस्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई।



बैठक लेते कलेक्टर।

कलेक्टर ने टीबी एवं कुष्ठ उन्मूलन, सिकलसेल जांच, मातृ स्वास्थ्य, सुरक्षित प्रसव, शिशु स्वास्थ्य, मलेरिया नियंत्रण, एक्स-रे जांच, टीकाकरण, परिवार कल्याण, आयुष सेवाएं, सीएचसी एवं पीएचसी की कार्यप्रणाली तथा अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने जिले में स्वीकृत स्वास्थ्य केंद्रों एवं निर्माणाधीन भवनों की स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यकतानुसार नए प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अस्पतालों में वेस्ट डिस्पोजल प्रणाली को पूरी तरह व्यवस्थित और सुरक्षित रखने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत प्रसूताओं को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा कहीं भी कोई अव्यवस्था न होने देने के निर्देश दिए। उन्होंने जननी सुरक्षा योजना एवं पोषण पुनर्वास केंद्र से जुड़े हितग्राहियों के लंबित भुगतान एक माह के भीतर अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री दुदावत ने कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ है, इसलिए एएनसी पंजीयन से लेकर एएनसी जांच, उच्च जोखिम गर्भावस्था की पहचान एवं सुरक्षित प्रसव तक सभी सेवाएं प्राथमिकता से सुनिश्चित की जाएं। सीएचसी और पीएचसी में गर्भवती महिलाओं की सूचीबद्धता अनिवार्य रूप से रखें ताकि किसी भी प्रकार की चूक न हो।

### आदिम जाति कल्याण विभाग की ली बैठक

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आदिम जाति कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक में शैक्षणिक गतिविधियों तथा निर्माणाधीन कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए प्रगति की जानकारी ली गई। कलेक्टर ने विभाग अंतर्गत संचालित विद्यालयों के शैक्षणिक परिणामों की समीक्षा करते हुए कहा कि कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में विद्यार्थियों के परिणामों में निरंतर सुधार लाना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए प्रभावी शिक्षण रणनीति, नियमित मूल्यांकन एवं विशेष मार्गदर्शन के माध्यम से बच्चों को बेहतर परिणाम दिलाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छुरी के विद्यार्थियों के परीक्षा परिणामों को और बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान देने की बात कही। साथ ही शैक्षणिक अनुशासन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण तथा समर्पित प्रयासों के माध्यम से विद्यार्थियों को उत्कृष्टता की ओर अग्रसर करने के निर्देश दिए।

# सीईओ जिला पंचायत ने जनदर्शन में सुनी आम नागरिकों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशन में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिनेश कुमार नाग ने जिले के शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण अंचलों से आए नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना। जिसमें आमजनों ने विभिन्न विषयों से संबंधित अपनी समस्याएं और मांगें प्रस्तुत कीं।

**खास बात**

- प्राप्त आवेदनों पर समयबद्ध कार्रवाई करने के दिए निर्देश

जनदर्शन में प्राप्त प्रत्येक आवेदन को सुव्यवस्थित रूप से दर्ज कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रेषित किया गया तथा उनके शीघ्र एवं समयबद्ध निराकरण के लिए स्पष्ट निर्देश दिए गए। प्रशासन की प्राथमिकता रही कि प्रत्येक आवेदक को उसकी समस्या के समाधान का भरोसा मिले और सभी मामलों का नियमानुसार त्वरित निपटारा सुनिश्चित किया जाए। जनदर्शन में प्रमुख रूप से राशन कार्ड, वन अधिकार पत्र, प्रधानमंत्री आवास योजना, भूमि सीमांकन एवं बंटवारा, बेजाकब्जा, आंगनबाड़ी भवन मरम्मत, सोलर पैनल स्थापना तथा एग्रीस्टैक पोर्टल से संबंधित विषय शामिल रहे। सीईओ जिला पंचायत ने संबंधित अधिकारियों को प्रकरण प्रेषित कर निराकरण करने के निर्देश दिए हैं, जनदर्शन में कुल 77 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर तुलाराम भारद्वाज सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# सुमी नर्सरी स्कूल में वार्षिक समारोह का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सुमी नर्सरी स्कूल में शनिवार को वार्षिक समारोह आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी तामेश्वर प्रसाद उपाध्याय व स्कूल समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे। विद्यालय के डायरेक्टर सूर्यकांत ठाकुर द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया।




कार्यक्रम की प्रस्तुति देती छात्राएं।

पाठशाला की प्रधानाचार्य कीर्तिभान ने वार्षिक रिपोर्ट में बताया कि कक्षा पांचवी बोर्ड परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा व 50 प्रतिशत बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करके स्कूल का नाम रोशन किया।

सुमी स्कूल कक्षा नर्सरी से ही बच्चों के मानसिक नैतिक व शारीरिक विकास के लिए पूरे साल अलग-अलग प्रकार के गतिविधियां करवाता है जिससे वे भविष्य में आदर्श नागरिक बन सके। मुख्य अतिथि तामेश्वर प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि हमें अपने बच्चों को मोबाइल से दूर रखना चाहिए स्कूल के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए इसके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। वार्षिक उत्सव में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गए जिनमें नन्हे मुन्ने बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। छत्तीसगढ़ी, पंजाबी, आदिवासी, राजस्थानी एवं मोबाइल जागरूकता कार्यक्रम लोगों के आकर्षण का केंद्र रहे। अलग-अलग गतिविधियों के विजेता विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही विशेष पुरस्कार भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम के अंत में प्री प्राइमरी की विद्यार्थियों ने अपनी मां के साथ मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन मनोरमा देवांगन एवं पंपा कुर्रे द्वारा किया गया।

# कमांडेंट को हटाने नगर सैनिकों ने फिर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगरसेना के जवानों ने एक बार फिर कमांडेंट एके एक्का को हटाने की मांग की है। मंगलवार को लगभग 60 जवान परेड ग्राउंड में इकट्ठा हुए

**खास बात**

- प्रताड़ना का आरोप, शिकायत पर कार्रवाई न होने से नाराजगी

और कमांडेंट के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जवानों का आरोप है कि वे लंबे समय से प्रताड़ना और अभद्र व्यवहार का सामना कर रहे हैं। इसके पूर्व भी नगर सेना के जवानों ने कमांडेंड को हटाने प्रदर्शन किया था। जिस पर प्रशासनिक अधिकारियों ने हटाने की कार्यवाही करने का आश्वासन दिया था। लेकिन कार्यवाही न होने की स्थिति में मंगलवार को नगर सैनिकों ने फिर से प्रदर्शन किया।



प्रदर्शन करते नगर सैनिक।

प्रदर्शन की सूचना मिलते ही तहसीलदार बजरंग साहू, नगर पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी और सिविल लाइन थाना प्रभारी नवीन पटेल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने जवानों से बातचीत कर उनकी शिकायतें सुनीं और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। जवानों ने बताया कि वे पहले भी कमांडेंट के खिलाफ शिकायत कर चुके हैं। उस समय उच्च अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर आश्वासन दिया था, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। उनका आरोप है कि जिन जवानों ने पहले अपनी बात रखी थी, उन्हें अब और अधिक परेशान किया जा रहा है, जिस पर तुरंत रोक लगनी चाहिए। मंगलवार को नगरसेना कार्यालय में एकत्रित होकर जवानों ने अपनी पीड़ा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मानसिक दबाव, प्रताड़ना और अपमानजनक व्यवहार के कारण उनके लिए काम करना मुश्किल हो गया है। जवानों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराने और कमांडेंट को कोरबा से हटाने की मांग की, ताकि कार्यस्थल का माहौल सामान्य हो सके। अतिरिक्त तहसीलदार बजरंग साहू ने बताया कि जवानों ने पहले भी कमांडेंट के खिलाफ शिकायत की थी। उन्होंने कहा कि जवान कार्रवाई न होने के कारण फिर से एकत्रित हुए हैं और इस मामले से उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा।

### सीएसपी ने जवानों की सुनी समस्याएं

सीएसपी प्रतीक चतुर्वेदी ने बताया कि किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए वे मौके पर पहुंचे थे और जवानों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने यह भी बताया कि विरोध प्रदर्शन की जानकारी मिलते ही कमांडेंट ए.के. एक्का अपने दफ्तर में मौजूद नहीं थे और दफ्तर बंद पाया गया।

# सब स्टेशन के पैनल में हुआ ब्लॉस्ट, पाली क्षेत्र डूबा अंधेरे में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पाली सब स्टेशन के पैनल में अचानक ब्लास्ट हो जाने की वजह से पाली सहित आसपास के क्षेत्र अंधेरा में डूब गया। ब्लास्ट की सूचना मिलते ही विद्युत वितरण विभाग की टीम सुबह से देर शाम तक विद्युत व्यवस्था को बहाल करने में लगी रही, लेकिन देर शाम तक विद्युत व्यवस्था बहाल नहीं हो पाई थी। अधिकारियों का कहना है कि देर रात तक विद्युत व्यवस्था को बहाल कर लिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि कटघोरा ग्रामीण के अंतर्गत आने वाले पाली में सब स्टेशन स्थापित है, जहां पाली और उसके आसपास कई गांवों को विद्युत आपूर्ति सब स्टेशन के माध्यम से की जाती है। बताया जाता है पाली सब स्टेशन में सुबह लगभग 10 बजे पैनल में अचानक ब्लास्ट हो गया जिसकी वजह से पाली और उसके आसपास बसने वाले गांव में पूरा अंधेरा छा गया। घटना की सूचना मिलने पर विद्युत वितरण विभाग की टीम मौके पर पहुंची और विद्युत व्यवस्था को बहाल करने की दिशा पर पहल की गई। देर शाम को शाम 5 बजे विद्युत व्यवस्था को लाइट अप करने की दिशा पर प्रयास किया गया, लेकिन फिर से तकनीकी खामी आने की वजह से लाइटअप नहीं हो पाया और फिर से तकनीकी खामी आने की वजह से कोरबा से तकनीकी अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची हुई है और विद्युत व्यवस्था को बहाल करने की दिशा पर लगातार प्रयास किया जा रहा है। संभावना जताई जारी के देर रात तक विद्युत व्यवस्था को बहाल कर लिया जाएगा।

**खास बात**

- अधिकारी कर्मचारियों की टीम जुटी है विद्युत व्यवस्था बहाल करने में

### राखड़ लोड ट्रेलर ढलान में पलटी, चालक की मौत

**जांजगीर-चांपा।** राखड़ खाली करने के दौरान ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दौरान वाहन के पहिए तले चालक आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम मड़वा की है। इस संबंध में सिटी कोतवाली से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार 13 जनवरी अपरान्ह 3:30 बजे ग्राम जर्वे निवासी ट्रेलर चालक प्रहलाद केंवट उम्र 45 वर्ष गाड़ी लेकर प्लांट गेट तक पहुंचा था। गाड़ी से उतरने के बाद अचानक वाहन पीछे की ओर ढलाने में चलने लगी। गाड़ी को रोकने के प्रयास में चालक पीछे पीछे दौड़ रहा था। इसी दौरान गाड़ी पलट गई और वह उसी के नीचे दब गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### गौरा-गौरी, कबड्डी सहित होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**मड़वारानी।** ग्राम लीमडीह में गौरा गौरी, कबड्डी, थियेटर एवं सागर आरकेस्ट्रा प्रतियोगिता मडई मेला की तैयारियां अंतिम चरण पर है। तीन दिवसीय आयोजन कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ 15 व समापन तथा गौरा/गौरी आरकेस्ट्रा प्रतियोगिता 17 जनवरी को आयोजित किया गया है। कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ के अलावा बेस्ट रेडर, बेस्ट केचर आदि पुरस्कार हैं।

## 4 सौ से अधिक वाहनों को सड़क से बाहर करते हुए 2 सौ वाहनों का पंजीयन किया गया निलंबित

# वाहन स्वामी द्वारा जल्द फिटनेस जांच नहीं करवाने पर रजिस्ट्रेशन होगा रद्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अगर आपका वाहन 15 साल पुराना है और आपने अब तक उसका पंजीयन या फिटनेस नवीनीकरण नहीं कराया है तो आप पर परिवहन विभाग द्वारा सख्त कार्यवाही कि जाएगी। इसी कड़ी में जिले में परिवहन विभाग ने बड़ी कार्यवाही करते हुए पंजीयन वैधता समाप्त होने पर लगभग 400 से अधिक वाहन सड़कों से बाहर करते हुए 200 वाहनों का पंजीयन निलंबित कर दिया है।

बताया जा रहा हैं कि वाहन स्वामी द्वारा जल्द फिटनेस जांच नहीं करवाया गया तो अनफिट 15 साल पूर्ण कर चुके वाहनों का रजिस्ट्रेशन रद्द करने की कार्यवाही की जाएगी। जिला परिवहन अधिकारी विवेक सिन्हा के निर्देशन में की गई इस सख्त कार्यवाही में उन वाहनों को चिन्हित किया गया, जिनके मालिकों को पहले ही नोटिस जारी कर पंजीयन और फिटनेस नवीनीकरण के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद संबंधित वाहन मालिकों द्वारा नियमों की अनदेखी की गई, जिसके चलते विभाग ने यह निर्णायक कदम उठाया। परिवहन विभाग द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार जिन वाहनों का पंजीयन निलंबित किया गया है, उनमें लगभग 200 मोटरसाइकिल, 90 मालवाहक वाहन, 76 कारें आदि शामिल हैं। ये सभी वाहन बिना वैध पंजीयन और फिटनेस प्रमाण पत्र के सड़कों पर संचालित पाए गए। जिला परिवहन अधिकारी श्री सिन्हा ने बताया कि मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 39, 41 एवं 56 के तहत प्रत्येक वाहन का पंजीयन और फिटनेस एक निर्धारित अवधि के लिए ही वैध होता है। सामान्यतः 15 वर्ष पूर्ण होने के बाद वाहन का नवीनीकरण कराना अनिवार्य है। नियमों का उल्लंघन होने पर धारा 53 (1) के अंतर्गत पंजीयन निलंबन व निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाती है। बार-बार नोटिस देने के बावजूद भी वाहन मालिकों द्वारा कोई नोटिस का जवाब नहीं दिया गया इसके बाद कार्यवाही की गई है।

**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी/ अनुविभागीय अधिकारी (रा0) पोंड़ी उपरोड़ा, जिला- कोरबा (छ0ग0)**

**//ईश्तहार//**

**क्रमांक / 73 / अविअ/वाचक / 2025**
**पोंड़ी उपरोड़ा दिनांक 01/01/2026**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक एम.बी. एग्रो पार्टनर आर्शिवाद सिंघल पिता संजय कुमार अग्रवाल निवासी कटघोरा तहसील कटघोरा जिला-कोरबा (छ.ग.) द्वारा ग्राम कर्रा प.ह.न. 41 रा.नि.मं. सुतर्रा तहसील पोंड़ी उपरोड़ा जिला-कोरबा (छ.ग.) स्थित भूमिस्वामी हक की संयुक्त खाते की भूमि ख.न. 271 रकबा 0.3400 हे. भूमि का औद्योगिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 15/01/2026 को न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति जो कुछ भी हो पेश कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।
स्थानः पोंड़ी उपरोड़ा
दिनांकः 01/01/2026

**सक्षम प्राधिकारी / अनुविभागीय अधिकारी (रा0) पोंड़ी उपरोंड़ा**

**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी / अनुविभागीय अधिकारी (रा0) पोंड़ी उपरोड़ा, जिला- कोरबा (छ0ग0)**

**//ईश्तहार//**

**क्रमांक / 145 / अविअ/वाचक/2026**
**पोंड़ी उपरोड़ा दिनांक 08/01/2026**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदकगण रविकुमार अग्रवाल पिता जीवनलाल अग्रवाल एवं 01 अन्य निवासी बाजार मोहल्ला कटघोरा तहसील कटघोरा जिला-कोरबा (छ.ग.) द्वारा ग्राम लखनपुर प.ह.न. 43 रा.नि.मं. सुतर्रा तहसील पोंड़ी उपरोड़ा जिला-कोरबा (छ.ग.) स्थित भूमिस्वामी हक की संयुक्त खाते की भूमि ख.न. 29/4/ज्ञ/3, 29/6, 29/4/स/2 रकबा क्रमशः 0.0080, 0.0960, 0.0160 हे. कुल रकबा 0.120 हे. भूमि औद्योगिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 23/01/2026 को न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति जो कुछ भी हो पेश कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।
स्थानः- पोंड़ी उपरोड़ा
दिनांकः 08/01/2026

**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पोंड़ी उपरोंड़ा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)/ दण्डाधिकारी कटघोरा जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**//ईश्तहार//**

**रा0पं0क0 / /अ-2/2025-2026**
**ग्राम लाटा, तहसील-दर्री, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

एतद् द्वारा सर्व संबंधित आम जनता / संस्थान को सूचित किया जाता है कि आवेदिका नीरा बाई पति देवनारायण, जाति-मरार (पटेल), निवासी ग्राम-बल्गी, तहसील दर्री, जिला कोरबा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम लाटा, प.ह.न. 26, तहसील दर्री, जिला कोरबा (छ0ग0) स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 44/23 रकबा 0.020 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन करने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति या संस्था को किसी भी प्रकार आपत्ति हो तो दिनांक 22/01/2026 को स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। म्याद बाद आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 08/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन मुहर से जारी किया गया।
स्थानः- कटघोरा

**सक्षम प्राधिकारी अनुविभागीय अधिकारी (रा0) कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप

### तीन छात्रों का हॉकी प्रतियोगिता में हुआ चयन



**बालको।** मिनीमाता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालको के तीन छात्र रितेश टंडन, लक्ष्मी कायम, तनीश महिलांगे का 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता रांची में हॉकी प्रतियोगिता में चयनित होने पर प्राचार्य भोजेंद्र सिंह, समिति के सचिव गिरीश शर्मा, कोषाध्यक्ष केशव कुर्रे उपस्थित रहे। प्राचार्य ने विद्यालय के खेल शिक्षक गोपाल दास महंत का योगदान रहा।

### विभिन्न संगठनों ने मनाया विवेकानंद जयंती



**कोरबा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार युवा संगठन डिवाइन इंडिया यूथ एसोसिएशन दीया ग्रुप मंडल के द्वारा 12 जनवरी राष्ट्रीय युवा दिवस स्वामी विवेकानंद के 163वीं जयंती अवसर पर बांकी सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में युवा उत्कर्ष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अतिथि गायत्री परिवार दीया छग विस्तारक कु सविता साहू ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मातृभूमि के उपासक कर्मयोगी की जन्म जयंती है जिनका जीवन युवाओं के लिए आदर्श है। उठो जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए यह संदेश दिया जो कि आज भी युवाओं को आत्मविश्वास राष्ट्र सेवा के पथ पर अग्रसर करता है। धर्म सेना प्रमुख विष्णु पटेल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन हम सभी को अपने लक्ष्य निर्धारण के लिए प्रेरित करता है।

### स्व.पुरुषोत्तम चन्द्रा को श्रम मंत्री, विधायक व महापौर ने दी श्रद्धांजलि

**कोरबा।** शहर के पुरानी बस्ती ब्राह्मणपारा कोरबा निवासी गणेश राम चंद्रा के सुपुत्र पुरुषोत्तम लाल चंद्रा का पिछले दिनों दुःखद निधन हो गया। रविवार को उनका चन्दनपान व दशगात्र कार्यक्रम अयोजित किया गया जिसमें सम्मिलित होकर परिजनों व शुभचिंतकों ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। दुःख की इस घड़ी में छत्तीसगढ़ के श्रम, उद्योग, वाणिज्य एवं आबकारी मंत्री लखन लाल देवांगन ने भी पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, दुष्यंत शर्मा, निज सचिव नरेंद्र पाटनवार, मन्नू साईं राठौर, मंडल अध्यक्ष योगेश मिश्रा ने भी छायाचित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की। निगम सभापति नूतन सिंह ठाकुर, जिला सहकारी बैंक मर्यादित बिलासपुर के पूर्व अध्यक्ष देवेन्द्र पांडेय ने भी चन्द्रा निवास पहुंचकर श्रद्धांजलि दी।

### राष्ट्रीय कथक प्रतियोगिता में इशिता को मिला प्रथम पुरस्कार



**कोरबा।** जिले की कथक नृत्यांगना इशिता कश्यप ने अयोध्या में आयोजित राष्ट्रीय नृत्य-संगीत प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर जिले प्रदेश को गौरवान्वित किया है। भारतीय शास्त्रीय नृत्य कथक को समर्पित प्रतिष्ठित संस्था कृष्ण प्रिया कथक केंद्र, काशी हिंदू विश्वविद्यालय एवं अमावा राम मंदिर के संयुक्त तत्वावधान में श्रीराम ऑडिटोरियम अयोध्या में रामार्चन महोत्सव का आयोजन किया गया था। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर से आए चुनिंदा कलाकारों ने कथक, लोक नृत्य, गायन एवं अन्य शास्त्रीय विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कथक नृत्य प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कर रहीं इशिता कश्यप ने अपनी दमदार प्रस्तुति से सभी प्रतिभागियों को पीछे छोड़ दिया। सधे हुए पैरों की थाप, प्रभावशाली हस्त-मुद्राएं और भावपूर्ण अभिनय के साथ विभिन्न लयों में किए गए 150 से अधिक चक्कर निर्णायक मंडल और दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहे। उनकी प्रस्तुति को सर्वश्रेष्ठ मानते हुए उन्हें प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# मेडिकल कालेज अस्पताल में 2 सौ बेड बढ़ेंगे, अब 6 सौ बिस्तरों की होगी क्षमता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

स्वास्थ्य विभाग के बजट में किसी तरह चल रहे जिले की चिकित्सा व्यवस्था को प्रशासन द्वारा डीएमएफ व सीएसआर मद के जरिए संजीवनी देने का प्रयास किया जा रहा है जिसके तहत मेडिकल कॉलेज में बिस्तरों की संख्या 4 सौ से बढ़ाकर 6 सौ विकसित की जाएगी। वहीं स्वास्थ्य केंद्रों में जरुरी रिक्त पदों पर भर्ती भी की जाएगी।

औद्योगिक जिला होने के बाद भी चिकित्सकीय सुविधा के मामले में जिला मेडिकल कालेज अस्पताल पीछे है। मेडिकल कालेज खुलने के बाद कुछ राहत जरुर मिली है। हालांकि आउटर में हेल्थ सेंटर में संसाधन व सुविधाओं की कमी बनी हुई है। इसलिए हेल्थ सेंटर में पहुंचने वाले गंभीर मरीज मेडिकल कालेज अस्पताल रेफर किए जाते हैं। मरीज स्वयं ही सुविधाओं की कमी की वजह से निजी अस्पताल चले जाते हैं इसे देखते हुए चिकित्सा व्यवस्था मजबूत करने प्रशासन ने डीएमएफ व सीएसआर मद का सहारा लिया है। जिससे अस्पतालों के उन्नयन के साथ ही रिक्त पदों पर संविदा भर्ती भी की जा रही है। आने वाले समय में मेडिकल कालेज संबंधित अस्पताल में मरीजों के लिए बिस्तर संख्या जो अभी 4 सौ है वह 6 सौ तक पहुंच जाएगी। इसके अलावा अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों के साथ उनके परिजनों के लिए भी सुविधाएं बढ़ाई जा रही है। इसी तरह कम्युनिटी या प्राइमरी हेल्थ सेंटरों में डॉक्टर, स्टाफ नर्स, ड्रेसर, लैब टेक्नीशियन व फार्माशिस्ट की भर्ती की गई है। शहर के साथ साथ ब्लॉक स्तर पर चिकित्सकीय सुविधा पहले से बेहतर करने की कवायद की जा रही है।

## डीएमएफ व सीएसआर मद से अस्पताल में बढ़ाई जा रही सुविधा




### 50 बिस्तर का क्रिटीकल केयर ब्लॉक बनाने की योजना

मेडिकल कालेज के लिए जिला अस्पताल का अधिग्रहण कर संबद्ध किया गया। इस दौरान अस्पताल में 100 बिस्तर की सुविधा दी। प्रबंधन ने एनएमसी की गाइड लाइन के तहत बिस्तर क्षमता 3 सौ तक पहुंचाया। कालेज की मान्यता खुलने के बाद अब हर साल बिस्तर क्षमता बढ़ा रहे हैं। अस्पताल में अभी पुराने भवन, कैज्युलटी भवन समेत ट्रामा सेंटर में वार्डों के अलावा हॉल में अतिरिक्त बेड लगाकर 4 सौ बिस्तरों की क्षमता बढ़ाई जा चुकी है। अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों की संख्या भी पहले से 3 गुना तक हो चुकी है। आगे 50 बिस्तर का क्रिटीकल केयर ब्लॉक बनाने की भी योजना है।

## अक्टूबर से दिसंबर तक एसआईआर में लगी ड्यूटी और अब नाम जोड़ने में

# एसआईआर के बाद शिक्षक गए ट्रेनिंग पर, एक माह शेष परीक्षा को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

तीन माह अक्टूबर से दिसंबर तक एसआईआर में ड्यूटी करने वाले शिक्षकों का काम जनवरी में भी नाम जोड़ने के लिए चल रहा है और वहीं दूसरी ओर नई शिक्षा नीति के तहत ट्रेनिंग के लिए जाना पड़ रहा

**खास बात**

- मार्च में पांचवीं, आठवीं की बोर्ड परीक्षाओं का होगा आयोजन

है। अक्टूबर से जनवरी तक व्यस्त रहने वाले शिक्षक स्कूल से बाहर रहे और अब मार्च महीने में बोर्ड परीक्षाएं होंगी। कोर्स पूरा होने को लेकर असमंजश की स्थिति बनी हुई है।

प्रायमरी और मिडिल स्कूल के शिक्षकों के सामने दोहरी मुसिबत सामने खड़ी हुई है। पहली मुसिबत तो अक्टूबर महीने से शुरु हुई जब उनकी ड्यूटी मतदाता गहन पुननिरीक्षण (एसआईआर) कार्य में लगा दी गई और इस दौरान दिसंबर में होने वाली अर्द्धवार्षिक परीक्षा भी शिक्षकों के स्कूलों में नहीं होने के कारण स्थगित कर दी गई। वहीं नये साल में नए मतदाताओं का नाम जोड़ने का काम शुरु किया गया। यहां भी शिक्षकों की ड्यूटी बीएलओ के रुप में लगाई गई है और इसके साथ ही नई शिक्षा नीति के तहत शिक्षकों को दी जाने वाली पांच दिवसीय ट्रेनिंग कार्यक्रम में उन्हें शामिल भी होना है। लिहाजा शिक्षक अक्टूबर से जनवरी तक स्कूल से बाहर रहेंगे, ऐसी स्थिति में स्कूलों की पढ़ाई पिछले तीन माह से लगातार प्रभावित हुई है और मार्च महीने में पांचवीं आठवीं बोर्ड परीक्षाओं के साथ घरेलू परीक्षाएं भी ली जाएंगी। ऐसे में कोर्स पूरा कराने के मामले में शिक्षक पेशोपेश में पड़ गए हैं। बताया जाता है कि अर्द्धवार्षिक परीक्षा तक का कोर्स शिक्षकों के द्वारा पूरा तो करा लिया गया था वहीं वार्षिक परीक्षा के कोर्स को लेकर असमंजश की स्थिति बनी हुई है।


फाइल फोटो

### एक हजार से अधिक शिक्षकों की ड्यूटी

जिले में 2020 स्कूलें हैं जहां पांच हजार से अधिक शिक्षक पदस्थ हैं। इनमें प्रायमरी और मिडिल स्कूल के जिन शिक्षकों की ड्यूटी बीएलओ के रुप में लगाई गई है उनकी संख्या एक हजार से अधिक है। कहीं कहीं एक स्कूल के दो शिक्षकों को बीएलओ बना दिया गया है ऐसी स्थिति में पढ़ाई प्रभावित होने का संकट झेल रहे स्कूलों में वार्षिक परीक्षा का कोर्स पूरा होने की समस्या सामने आयी है। 21 जनवरी तक नाम जोड़ने का कार्य किया जाएगा उसके बाद ही शिक्षक एसआईआर के इस जटील कार्य से मुक्त होकर स्कूल पहुंचेंगे और उनके पास फरवरी माह का ही समय रहेगा और उसमें भी उन्हें पांच दिन की ट्रेनिंग में शामिल होना होगा।

### जनवरी के प्रथम सप्ताह में शुरु हुई अर्द्धवार्षिक परीक्षा

शिक्षकों के स्कूलों में नहीं रहने के कारण स्थगित हुई अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं नए वर्ष के जनवरी महीने के प्रथम सप्ताह में शुरु हुई है जिसे स्कूल में मौजूद नियमित शिक्षकों एवं मानदेय शिक्षकों के भरोसे संपन्न कराया गया। अक्टूबर महीने से शिक्षकों के एसआईआर काम पर लगे होने से जहां मानदेय शिक्षकों की पदस्थापना थी वहां की अध्यापन व्यवस्था तो सुचारु रुप से संचालित हुई लेकिन जहां मानदेय शिक्षक नहीं थे वहां पढ़ाई व्यवस्था प्रभावित हुई है।

### कोर्स पूरा कराया गया

एसआईआर कार्यक्रम में शिक्षकों की ड्यूटी बीएलओ के रुप में लगाई गई थी उनके स्कूल में नहीं रहने की वजह से मानदेय शिक्षकों एवं अन्य शिक्षक जो स्कूल में मौजूद थे उनके द्वारा कोर्स को पूरा कराया गया है। मार्च महीने में परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी।

-टीपी उपाध्याय, डीईओ

# डीजल चोरों ने सीआईएसएफ की गाड़ी को मारी टक्कर, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दीपका खदान से डीजल चोरी कर भाग रहे चोरों को जब सीआईएसएफ की टीम ने घेरा तो डीजल चोरों ने सीआईएसएफ की गाड़ी पर ठोकर मारते हुए डीजल चोर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए हैं।

**खास बात**

- 100 लीटर चौरी का डीजल छोड़ भागे आरोपी

मामले की शिकायत पर पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है और मौके से 100 लीटर चोरी का डीजल भी जब्त किया है। मामले में पुलिस तहकीकात में जुट गई है। फरार चल रहे आरोपियों की दीपका पुलिस सरगर्मी से खोजबीन में जुट हुई है।

दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत दीपका खदान में पदस्थ सीआईएसएफ में निरीक्षक कौशल ने थाना में रिपोर्ट दर्ज करायी कि 12 जनवरी की रात्रि 1 बजे एसईसीएल दीपका खदान में गश्त करने के दौरान खदान के अंदर सीआईएसएफ को झाडियों में से एक सफेद रंग की बोलेरो क्रमांक सीजी 12 बीएम 5447 वाहन तेजी से निकलकर सीआईएसएफ के जवानों को टक्कर मारने का प्रयास किया, सीआईएसएफ के जवानों ने उक्त बोलेरो को रोकने की कोशिश की। सीआईएसएफ के जवानों ने स्कार्पियों से पीछा करने लगे और उक्त वाहन को बैरियर नंबर जीएन-8 के पास सामने की मेन रोड पर घेर लिया। बोलेरो से 4 लोग बाहर निकले और लोहे की रॉड से स्कार्पियो के शीशे पर हमला किया और ड्राईवर व प्रमोद कुमार को लोहे की रॉड से मारने का प्रयास किया और स्कार्पियो में पुनः बैक करके क्यूआरटी गाड़ी को टक्कर मारी और दीपका मार्केट की तरफ थाना चौक होकर भाग गये। भिडंत के दौरान जो दो व्यक्ति रॉड लेकर स्कार्पियो सीजी 11 बीआर 1900 पर हमला किया वे एक दूसरे को नाजिर व सालिक कहकर बुला रहे थे जो कि डीजल चोर है, जिसे प्रआर प्रमोद कुमार ने सुना। इस दौरान सीआईएसएफ की दोनों गाडी क्षतिग्रस्त हो गई। उक्त रेलवे साईडिंग एरिया को चेक करने पर झाडियों में नाजीर सालिक एवं उसके साथियों द्वारा एसईसीएल दीपका खदान से चोरी किया 35 लीटर डीजल की भरी हुई 3 केन कुल 105 लीटर डीजल बरामद की गई। घटना की सूचना दीपका पुलिस को दी गई। मामले में पुलिस ने नाजीर सालिक और उसके अन्य साथियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर जांच में जुट गई है। दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू द्वारा घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों की सरगर्मी से खोजबीन कर रही है। संभावना जताई जा रही है पुलिस आरोपियों को जल्द ही धर दबोचेगी।

# जनहानि रोकने वन विभाग ने की पहल, पेट्रोलिंग टीम ग्रामीणों को पहुंचाएगी सुरक्षित स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के कोरबा और कटघोरा वनमंडल में हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है। जान माल का नुकसान ना हो इसके लिए लगातार वन विभाग तरह-तरह के उपाय भी कर रहा है। अक्सर ग्रामीण क्षेत्रों में यह देखने को मिलता है कि रात के समय लोग ऐसे ही हाथी प्रभावित क्षेत्रों में निकल जाते हैं और कई बार हाथी से उनका सामना भी हो जाता है, जिसकी वजह से उनकी जान भी चली जाती है। ऐसी घटना न हो इसके लिए वन विभाग ने विषेश दस्ते का गठन किया है और हाथी प्रभावित क्षेत्रों में पेट्रोलिंग के साथ सड़क पर ग्रामीण नजर आता है तो उसे हाथी प्रभावित क्षेत्र से हटाकर उसे सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने की दिशा पर काम कर रहा है।

उल्लेखनीय की कोरबा मंडल और कठोर मंडल में हाथियों का झुंड लगातार विचरण कर रहा है। मौजूदा स्थिति में कोरबा और मंडल में करतला वन पर क्षेत्र 35 साथियों को झुंड विचरएण कर रहा है। वन मंडल अधिकारी प्रेमलता यादव के निर्देश पर एसडीओ आशीष खेलवार, एसके सोनी लगातार हाथियों के ट्रैकिंग कर हाथी प्रबंधन की ओर लगातार काम कर रहे हैं और जान माल के नुकसान को रोकने की दिशा पर काम कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों को हाथी के संबंध में सूचना मिलने के लिए गज संकेतक ऐप का इस्तेमाल जा रहा है। इसके अलावा ड्रोन कैमरे के माध्यम से हाथियों के निगरानी की जा रही है। पिछले दिनों यह देखने को आया था कि हाथी प्रभावित क्षेत्रों में ग्रामीण रात के समय ऐसे ही पैदल निकल जाते हैं और ऐसे में हाथी हमले की आशंका बनी रहती है। इस तरह सड़क पार करने या मार्ग में जाने वाले लोग हादसे के शिकार ना हो इसके लिए वन विभाग की टीम ने अब ऐसे मार्गों में पहुंचकर अलग से पेट्रोलिंग टीम को तैनात किया है और यदि मार्ग में आने वाले लोग कोई भी इस मार्ग में नजर आता है तो उन्हें वन विभाग अपने पेट्रोलियम वहां में बिठाकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचने का काम कर रही है। वन विभाग के अधिकारी लगातार हाथी प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर मुनादी कर लोगों को सजग सावधान भी कर रही है।

### लो-हैंगिंग विद्युत तारों से हाथी एवं मानव जीवन को खतरा : कलेक्टर

**कोरबा।** मानव हाथी द्वंद्व प्रबंधन हेतु गठित समिति की बैठक कलेक्टोरेट में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा की गई। बैठक में मानव हाथी द्वंद्व की वर्तमान स्थिति, हाथी प्रभावित क्षेत्रों की समस्याओं का समाधान को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर श्री दुदावत ने कहा कि कटघोरा वनमण्डल द्वारा मानव हाथी द्वंद्व प्रबंधन की दिशा में किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। हाथी प्रभावित क्षेत्र के गांवों में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को आवास की स्वीकृति प्रदान की जाए, जिससे प्रभावित परिवारों को सुरक्षित आवास उपलब्ध कराया जा सके। साथ ही, हाथी से संबंधित मुआवजा प्रकरणों के त्वरित निर्माण एवं निराकरण किया जाए। बैठक के दौरान जंगल क्षेत्रों में लो-हैंगिंग विद्युत तारों से हाथी एवं मानव जीवन को हो रहे खतरे को गंभीरता से लेते हुए बिजली विभाग के अधिकारियों को ऐसे तारों को तत्काल ठीक कराने के निर्देश भी दिए गए। वनमण्डलाधिकारी कटघोरा कुमार निशांत ने कहा कि मानव हाथी द्वंद्व की घटनाओं को न्यूनतम करने हेतु वन विभाग द्वारा सतत निगरानी, समय पर सूचना तंत्र, विभागीय समन्वय तथा फील्ड स्तर पर त्वरित कार्रवाई को प्राथमिकता दी जा रही है। आम नागरिकों की सुरक्षा के साथ-साथ हाथियों के संरक्षण को सुनिश्चित करना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### बैंक में चोरी का प्रयास

**कोरबा।** मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक मानिकपुर में शाखा प्रबंधक के पद पर पदस्थ नीरज कुमार ने चौकी में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि अज्ञात चोरों ने 10 जनवरी की रात लगभग 1.30 बजे बैंक में लगे एक्जास्ट फैन के रास्ते से बैंक में प्रवेश किया और कोई समान की चोरी नहीं हुई है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### टैंकर की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत

**कोरबा।** कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अरदा निवासी राहुल सिंह 20 वर्ष अपने मामा गोपाल सिंह के घर सुतर्रा गया हुआ था। जहां राहुल अपने मामा की मोटरसायकल लेकर घूमने के लिए कसनिया मोड़ की ओर गया था, इस दौरान एक टैंकर के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए मोटरसायकल को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे गंभीर चोट लगने की वजह से राहुल को उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव परिजनों सौंप दी है।

# एनडीपीएस एक्ट के आरोपी को दो साल की सजा

**कोरबा।** सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत बुधवारी बाजार निवासी मानसिंह सारथी उम्र 52 वर्ष के कब्जे से वर्ष 2024 में पुलिस ने गांजा जब्त किया था। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विशेष न्यायालधीश एनडीपीएस एक्ट गरिमा शर्मा के न्यायालय में प्रस्तुत किया था। जहां आरोपी मानसिंह के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर उसे 2 वर्ष सश्रम कारावास व 10 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया गया है। अर्थदण्ड की राशि अदा नहीं किए जाने की दशा में आरोपी को एक माह का अतिरिक्त सजा भुगताना होगा।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

# डॉग शो में बाघा को मिला सम्मान, उद्योग मंत्री ने पहनाया मैडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बेजुबान किंतु काफी समझदार और वफादारी की मिसाल कहे जाने वाले विभिन्न प्रजाति के डॉग के लिए शो का आयोजन लगातार दूसरे वर्ष कोरबा केनाइन क्लब के द्वारा आयोजित किया गया। डॉग एनिमल वेलफेयर सोसाइटी से सम्बद्ध कोरबा केनाइन क्लब ने 11 जनवरी को डॉ.भीमराव अंबेडकर ओपन एयर ऑडिटोरियम मैदान में कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

**खास बात**

- डाग बाघा की उपलब्धियों ने बढ़ाया जिला पुलिस का मान

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रममंत्री लखनलाल देवांगन, विशिष्ट अतिथि महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत द्वारा पुलिस की शान बाघा का सम्मान मेडल पहना कर प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर किया गया। बाघा को मेडल पहनाया गया वहीं स्मृति चिन्ह व प्रशंसा पत्र डॉग मास्टर सुनील कुमार गुप्ता ने प्राप्त किया। इस अवसर पर बाघा ने एक-दो प्रदर्शन से उपस्थितों का दिल जीत लिया। कोरबा केनाइन क्लब के द्वारा डॉग बाघा की खूबियों को बताते हुए सराहना की गई कि वह किस तरह से अपराधियों की मांद में घुसकर उन्हें दबोच लेता है। इस डॉग शो में कोरबा सहित जिले से बाहर व छत्तीसगढ़ राज्य सहित राज्य से बाहर के भी विभिन्न डॉग लवर ने अपने-अपने अलग-अलग प्रजाति एवं नस्ल के डॉग को यहां लाया। प्रशिक्षित डॉग्स के द्वारा अपनी प्रतिभाएं प्रस्तुत की गईं, जो काफी रोमांच का विषय रहा। गरिमामय कार्यक्रम के अवसर पर जिला पुलिस बल का एक अहम हिस्सा डॉग बाघा को भी इस शो में आयोजक क्लब द्वारा आमंत्रित किया गया। डॉग बाघा को उसकी अनेक उपलब्धियों के साथ-साथ हाल ही में हत्या के एक मामले का खुलासा करने में निभाई गई अहम भूमिका के लिए सम्मानित करने के लिए आमंत्रित किया गया। बाघा को लेकर डॉग मास्टर सुनील कुमार गुप्ता कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कोरबा केनाइन क्लब की तरफ से आशीष कदम, प्रेम चन्द्रा, प्रतीक दत्त, रॉबिन सिंह, प्रवीण पाटले सहित अन्य उपस्थित रहे।


बाघा को मेडल पहनाते उद्योग मंत्री।




